हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 13 नवंबर 2025

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा ]

06 कलेक्टर ने 28 बंध पत्र चिकित्सकों को लंबे समय...




09 टूटी पड़ी सड़कें, सड़कों पर बहता गंदा पानी और...



## एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों ने सौंपा ज्ञापन, मांगी प्रदर्शन करने की अनुमति

# दोनों साइड सर्विस रोड नहीं बनने से नाराज वरिष्ठजन अब करेंगे आमरण अनशन

दोनों तरफ सुरक्षित सर्विस रोड निर्माण की मांग पूरी न होने पर शासन और प्रशासन के खिलाफ आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पंडित दीनदयाल नगर (हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी) के निवासियों ने निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के दोनों तरफ सुरक्षित सर्विस रोड निर्माण की मांग पूरी न होने पर शासन और प्रशासन के खिलाफ आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है। कॉलोनीवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी को आमरण अनशन की अनुमति देने के लिए आवेदन दिया है, जिसमें कहा गया है कि यदि 7 दिवस के अंदर उनकी मांग का लिखित आश्वासन नहीं मिला, तो वे 17 नवंबर से गांधीवादी तरीके से अनशन पर बैठेंगे।

**8 बार कलेक्टर को लिखा पत्र :** आवेदक विश्वनाथ सिंह और ओपी अग्निहोत्री ने बताया कि वे विगत 22 जुलाई को जनसुनवाई में आवेदन देने के बाद से अब तक 8 बार कलेक्टर को पत्र लिख चुके हैं, लेकिन कलेक्टर ने न तो एक बार मौके का निरीक्षण किया और न ही उनके पत्रों का जवाब देना उचित समझा।



फाइल फोटो

### 17 से आमरण अनशन की तैयारी

समस्या का हल न होता देख कॉलोनीवासियों ने सामूहिक रूप से आमरण अनशन का निर्णय लिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शासन द्वारा आगामी 7 दिवस के अंदर ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड निर्माण का लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता है, तो वे 17 नवंबर को सुबह 10 बजे से लिखित निदान मिलने तक आमरण अनशन शुरू करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

### विधायक का आश्वासन भी बेअसर

कॉलोनीवासियों की शिकायत है कि स्थानीय विधायक सुदेश राय ने भी दो बार निर्माण स्थल का निरीक्षण किया, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ब्रिज निर्माण में हो रही अनियमितताओं को दूर कर क्षेत्रवासियों की समस्या को दूर करने की बात कही, लेकिन उस पर अब तक अमल होता नहीं दिख रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि निर्माण कार्य स्टेट हाईवे पर चल रहा है और ठेकेदार द्वारा सीमांकन कराए बिना ही कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि निर्माण स्थल का सीमांकन तुरंत रेलवे बाउंड्री से कराया जाए, ताकि कॉलोनी के आवागमन हेतु सुरक्षित सर्विस रोड के लिए पर्याप्त जगह सुनिश्चित हो सके।

## खबर संक्षेप



### जिले के 107 स्कूल तंबाकू मुक्त घोषित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में संचालित किए जा रहे ₹टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0₹ के तहत सीहोर सीहोर जिले के 107 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। कलेक्टर श्री बाला गुरु के. ने कहा है कि विद्यालयों में तंबाकू मुक्त वातावरण तैयार करना बच्चों के स्वस्थ जीवन की दिशा में एक प्रेरक पहल है। समाज के हर व्यक्ति को इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए। तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत स्कूलों में तंबाकू निषेध शपथ, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिताएँ, जनजागरूकता रैलियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस अभियान के तहत प्रेरित होकर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर अपने-अपने स्कूल परिसरों को "नो टोबैको जोन" बनाया तथा तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक सुनिश्चित की है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित हैं और जिले के सभी स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### अग्निकांड प्रभावित दुकानदारों को दिया जाए पर्याप्त मुआवजा

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आगजनी से पीड़ित चंद्रशेखर आजाद मार्ग चकला मोहल्ला बाजार के दुकानदारों को पर्याप्त मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की मांग की गई। राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान ने सोमवार को घटनास्थल पर पहुंचकर दुकानदारों से चर्चा की। कपड़ा दुकानदारों ने बताया कि चार दुकानों में आग लगी थी, जिससे 30 से 40 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। रुई की गठानें, साड़ियां, रेडीमेड कपड़े और अन्य आइटम जलकर खाक हो गए हैं। मकान भी पूरी तरह स्वाहा हो गया है। खान ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर को ज्ञापन देकर दुकानदारों को आर्थिक मदद दिलाने और बीच बाजार में लगे खतरनाक बिजली के ट्रांसफार्मर को हटवाने की भी मांग करेंगे।

## भारत सहित अन्य 27 देशों के विकासखंड स्तरीय प्रतिनिधियों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




संस्कृत भारती द्वारा तीन दिवसीय अखिल भारतीय राष्ट्रीय संस्कृत अधिवेशन का आयोजन अमृता विश्वविद्यालय कोयंबटूर तमिलनाडु में सम्पन्न हुआ। जिसमें भारत सहित 27 देशों के विकासखंड स्तरीय प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संस्कृत भारती जिलामंत्री राकेश सिंह ने बताया कि यह अधिवेशन प्रत्येक तीन वर्ष में आयोजित होता है। इस बार यह आयोजन तमिलनाडु राज्य के अमृता विश्वविद्यालय कोयंबटूर में 7 नवम्बर से 9 नवंबर के बीच सम्पन्न हुआ। जिला सहमंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह यादव ने बताया कि सीहोर जिले से जिला समिति व विकासखंड से संयोजक व सहसंयोजकों ने सहभागिता की।

अधिवेशन समापन उपरांत 11 नवम्बर को सभी की सीहोर वापसी हुई। जिला प्रचार प्रमुख जितेन्द्र राठौर ने बताया कि अधिवेशन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा संस्कृत भाषा जन भाषा थी, संस्कृत भारती द्वारा पुनः बोलचाल की भाषा बनाने के प्रयास की जितनी प्रशंसा की जाये उतनी कम है। बहुत कम समय में संस्कृत भारती ने पूरे देश में संस्कृत मय वातावरण निर्मित कर दिया है, दत्तात्रेय होसबोले ने वदतु संस्कृतम की व्याख्या करते हुए कहा कि संस्कृत राष्ट्र भाषा है और इसे राज्य भाषा भी होना चाहिए। होसबोले ने संविधान सभा में डां भीमराव रामजी अंबेडकर ने एकता के लिए संस्कृत को राष्ट्र भाषा बनाने के प्रस्ताव का भी उल्लेख किया, जो कुछ कारणों से सफल नहीं हो पाया। होसबोले ने बोली और भाषा के स्पष्ट भेद पर जोर दिया, उन्होनें बताया कि संस्कृत भारती इस उद्देश्य के लिए अथक प्रयास कर रही है।अधिवेशन में तीन पीढ़ियों के कार्यकर्ता एक साथ उपस्थित हैं, जो संस्कृत के प्रति समर्पण को दर्शाता है, उन्होनें यह भी कहा कि संस्कृत ही एकमात्र ऐसी भाषा है जो विश्व शांति में मुख्य भूमिका निभा सकती है। इसलिए सभी को संस्कृत भाषा का व्यवहार करना और करवाना चाहिए।

## चेकिंग अभियान, 17 वाहनों पर हुई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी जया वसावा ने यातायात पुलिस के साथ संयुक्त रूप से आगर एवं नलखेड़ा ब्लॉक में स्कूल बसों तथा अन्य छोटे वाहनों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान स्कूल बसों की जांच सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार सभी बिंदुओं पर की गई।

नलखेड़ा क्षेत्र के 8 स्कूलों में लगभग 44 से 50 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर 17 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 30 हजार 500 रुपए का जुर्माना वसूल किया। इस दौरान बस चालकों को वर्दी पहनने, बसों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने, ओवरलोडिंग न करने, अधिक किराया न लेने तथा ज्वलनशील पदार्थ न ले जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्कूल बस संचालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे अपने वाहनों को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुरूप निर्धारित मापदंडों एवं आवश्यक दस्तावेजों की पूर्णता के बाद ही संचालित करें। क्षेत्र में संचालित अन्य वाहनों की भी जांच की गई और वाहन स्वामियों को अपने सभी दस्तावेज पूर्ण रखने के निर्देश दिए गए। दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर दंडात्मक चालानी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। संयुक्त चेकिंग कार्रवाई में जिला परिवहन अधिकारी जया वसावा, यातायात थाना प्रभारी जगदीश यादव एवं विभागीय अमला उपस्थित रहा। संयुक्त चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एक तरफा मुकाबले में भोपाल ने विदिशा को फाइनल में हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बीएसआई मैदान पर मंगलवार को विदिशा और भोपाल के मध्य फाइनल मैच खेला गया। एक तरफा मैच में भोपाल ए की टीम ने विदिशा को एक तरफा मुकाबले में दस विकेट से हराया। मैच के उपरांत बीडीसीए और डीसीए के पर्यवेक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बीएसआई मैदान पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में बीडीसीए-डीसीए के सहयोग से जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें सीहोर, भोपाल, राजगढ़, रायसेन और विदिशा आदि की टीम शामिल रही। डीसीए के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में सचिव अतुल तिवारी-कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा ने सफल प्रतियोगिता का संचालन किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि विदिशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 ओवर में दस विकेट खोकर 74 रन बनाए थे। इसमें लक्ष्य ने 19 और मुतिज भार्गव ने 14 रन की पारी खेली। वहीं भोपाल की ओर से गेंदबाजी करते हुए वेद पाठक ने चार विकेट, देव कन्नोजिया, केवन जोसफ और वेदांत अग्रवाल दो-दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल की सलामी जोड़ी आर्यवीर ने 49 रन और धैर्य तिवारी ने 28 रन बनाकर 9.4 ओवर में दस विकेट से यह मुकाबला जीता। मैच के अंत में बीडीसीए के चयनकर्ता अरविन्द वर्मा, अभिनाश पाठक, सुभाष बोरहना, शुभम बोरहना, निर्णायक नागेन्द्र व्यास, अजय चंदेल, स्कोरर शिवम दुबे आदि ने खिलाड़ियों से भेंट की।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय ने प्रतियोगिता की सफलता के लिए सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, सुरेन्द्र रल्हन, नवनीत तोमर, इरफान हुसैन, भारत गुप्ता, कमलेश पारोच, मदन कुशवाहा, अतुल त्रिवेदी आदि शामिल है। वहीं मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पर्यवेक्षक पुनित चतुर्वेदी ने बीडीसीए और डीसीए को सफल प्रतियोगिता के लिए बधाई दी है। आगामी दिनों में चयनकर्ताओं के द्वारा टीम का गठन किया जाएगा।

### एक करोड़ लागत के टीन शेड के लिए किया भूमिपूजन

**नलखेड़ा।** सांसद रोडमल नागर की अनुशंसा पर लगभग दो वर्ष पूर्व स्वीकृत एक करोड़ रुपए की लागत के टीन शेड का भूमि पूजन बुधवार को हुआ। मां बगलामुखी मंदिर पर आने वाले भक्तों द्वारा धार्मिक आयोजन अथवा कथा आदि के आयोजन के उद्देश्य से लगभग दो वर्ष पूर्व सांसद रोडमल नागर की अनुशंसा पर स्वीकृत हुए टीन शेड का भूमिपूजन बुधवार को भाजपा जिला मंत्री व मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया तथा मां बगलामुखी मंदिर के पुजारी मनोहर लाल भिलाला द्वारा किया गया। उक्त टीन शेड का निर्माण तीर्थ यात्री सेवा सदन परिसर में रेन बसेरा के समीप होगा जिसमें लगभग 10 हजार वर्ग फीट का टीन शेड व एक हॉल एवं सुविधाघर का निर्माण भी होगा। इसके निर्माण के बाद भक्तों के साथ ही स्थानीय नागरिकों को धार्मिक आयोजन के लिए स्थान की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।



## जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

# युवाओं को स्वरोजगार योजना से जोड़े : कलेक्टर

### विभाग, बैंकों को पूर्ण दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रेषित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले के अधिक से अधिक युवाओं को स्व रोजगार से जोड़ा जाए, बैंकर्स और विभाग के समन्वय से कार्य करते हुए, योजनाओं में तत्परता से ऋण स्वीकृत कर वितरण करवाए। यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित डीएलसीसी (जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति) की विशेष बैठक में दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी हितग्राही का प्रकरण अनावश्यक बैंकों में लंबित न रहे, पात्रता होने पर ऋण स्वीकृत करते हुए वितरण किया जाए। बैंकर्स ऋण वितरण में हितग्राही को अनावश्यक परेशान न करे, बार-बार बैंकों के चक्कर न लगवाएं, शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिलें यह सुनिश्चित करें। सभी स्व-रोजगार से जुड़े विभाग योजनाओं में अधिक से अधिक हितग्राही के प्रकरण बैंकों को भेजें, प्रकरण बैंकों को भेजते टाइम पोर्टल पर हितग्राही द्वारा लगाए गए दस्तावेज भी जांच ले ताकि दस्तावेज के अभाव में प्रकरण लंबित न रहे। कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत सितंबर 2025 तक जिले में बैंकिंग विकास की समीक्षा की, वार्षिक साख की लक्ष्य और उपलब्धि की चर्च कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि महिला स्व-सहायता समूह को अधिक से अधिक बैंक लिंकेज करवाया जाए। पीएमएफएमई एवं एमएफआई योजना की प्रगति पर चर्चा की जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों एवं स्वरोजगार विभागों से जुड़ी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी वन टू वन समीक्षा कर समाधानकारी निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एलडीएम श्रीकांत सक्सेना, सभी बैंक शाखों के प्रबंधक, स्व रोजगार योजनाओं से जुड़े विभागों के अधिकारी, जनपद सीईओ और नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित रहे।







## चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार किया

# भैरव अष्टमी पर छप्पन भोग लगाकर की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



भैरव अष्टमी के अवसर पर बुधवार को काल भैरव मंदिर पर भैरव महाराज का चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया था। दोपहर 12 बजे भैरव महाराज को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर भैरव मंदिर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। उल्लेखनीय है कि सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर स्थित काल भैरव के चमत्कार के कई किस्से लोगों की जुबान पर हैं।

भैरव महाराज द्वारा उज्जैन स्थित काल भैरव की तरह मदिरापान व धूम्रपान भी किया जाता है। भक्तों द्वारा मदिरा से भरी प्लेट भैरव महाराज के मुंह पर लगाई जाती है जोकि धीरे धीरे खाली हो जाती है। यह मदिरा कहां जाती है किसी को कोई पता नही है क्योंकि भैरव महाराज की प्रतिमा के नीचे ठोस भूमि है जहां से नीचे जाना असंभव है। भैरव अष्टमी के चलते कई भक्तों द्वारा भैरव महाराज को मदिरापान करवाया गया तो कई भक्तों द्वारा धूम्रपान भी करवाया गया।

## खबर संक्षेप

### कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 9 के पूर्व संचालित नहीं होगी

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिला अंतर्गत तापमान में अचानक आई गिरावट के कारण समस्त शासकीय /अशासकीय अनुदान प्राप्त/मान्यता प्राप्त सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस.ई./ माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं समस्त बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के स्वास्थ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना के दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए आदेश जारी किए है कि जिले के समस्त विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से पांचवी तक की कक्षाएं प्रातः 10 बजे एवं कक्षा 06 से 12वीं तक की कक्षाएं प्रातः 09 बजे से पूर्व संचालित नहीं की जाए।

### चिकित्सकों का मिलन समारोह आयोजित

**देवास।** एसोसिएशन ऑफ देवास मेडिकल प्रेक्टिशनर्स के सदस्यों का पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन एक निजी गार्डन में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम संस्था अध्यक्ष डॉ. मुग्धा कुलकर्णी, सचिव डॉ. वरूण आनंद, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.सी.शर्मा, डॉ. स्मिता दुबे, डॉ. एम.एम. अग्रवाल, डॉ. प्रमोद माहेश्वरी, डॉ. अरूण दुबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
डॉ. शाम्भवी देवकर ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। मीडिया प्रभारी डॉ. आर.एस.दुबे ने बताया कि इस पारिवारिक मिलन समारोह में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। छोटे बच्चों द्वारा फेंसी ड्रेस में वीर शिवाजी, महारानी लक्ष्मीबाई, डोरेमान, नन्हीं परी आदि का स्वरूप धारण कर उपस्थितजनों को गुदगुदाया। युगल नृत्य में डॉ. नीरज खरे, डॉ. संध्या खरे ने तथा डॉ.सुलभा रानी, डॉ. पूनम भाटिया,
डॉ. ऋतुसिंह, डॉ. प्राची माहेश्वरी एवं डॉ. निशीथ गगरानी, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ. रूपल श्रीवास्तव, रश्मि गगरानी, टीना गुप्ता ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। डॉ. इदरदीप अरोरा एवं डॉ. पुनीत माहेश्वरी के निर्देशन में जयप्रीतसिंह अरोरा व उनके साथी बच्चों ने व्यंगात्मक नाटिका हमारा नम्बर कब आएगा प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को खूब हंसाया।

### चिकित्सकों को कर्तव्य स्थल से लंबे समय से अनुपस्थित रहने पर जारी किए नोटिस

# कलेक्टर ने 28 बंध पत्र चिकित्सकों को लंबे समय से अनुपस्थित रहने पर की कार्रवाई

**कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि जनहित एवं स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले के 28 बंध पत्र चिकित्सकों को उनके निर्धारित कर्तव्य स्थल से लंबे समय से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं।आदेश में उल्लेख है कि यह सभी चिकित्सक का बिना सक्षम स्वीकृति के लंबे समय से अनुपस्थित है, जो बंध पत्र की शर्तों का उल्लंघन है और यह आचरण कदाचरण की श्रेणी में आता है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने निर्देश दिये है कि जनहित एवं स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नागरिको को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना ही प्रदेश सरकार और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि इस गंभीर लापरवाही पर संबंधित चिकित्सकों को उक्त अवधि की नो वर्क नो पे के आधार पर अवैतनिक करते हुए उनके विरुद्ध वरिष्ठ कार्यालय को बंध पत्र निष्पादित करने में लापरवाही के फल स्वरुप बंध पत्र की राशि वसूली का प्रस्ताव अधिरोपित करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रति उत्तर पत्र एवं प्रमाण निर्धारित समयावधि में सीएमएचओ कार्यालय के माध्यम से प्रस्तुत करें अन्यथा की स्थिति में एक पक्षी कार्यवाही के लिए चिकित्सक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

#### इनको दिया कारण बताओ सूचना पत्र

कारण बताओ सूचना पत्र डॉ आकाश वर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांटाफोड़, डॉ फरीदा पीठेवान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरासा, डॉ. कार्तिक बाथम सिविल अस्पताल सोनकच्छ, डॉ. श्रद्धा गंगवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी, डॉ रुद्री अग्रवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली, डॉ. यतिका मित्तल सिविल हॉस्पिटल सोनकच्छ, डॉ दर्श जैन सिविल हॉस्पिटल हाटपीपल्या, डॉ कंचन गुप्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौबाराधीरा, डॉ प्रतिभा चावड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमला, डॉ शुभांगी गुरले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कन्नौद, डॉ रिद्धिश भंडारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कन्नौद, डॉ. स्वप्निल पाटीदार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांटाफोड़, डॉ. सुवर्ना भगोरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डबलचौकी, डॉ निशा दवे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदय नगर, डॉ हिमानी चंपक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी, डॉ पूजा नरवरिया सिविल हॉस्पिटल सोनकच्छ, डॉ मिताली लाहोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी, डॉ लीन चौधरी सिविल अस्पताल कन्नौद, डॉ अनुष्का जैन सिविल अस्पताल हाटपीपल्या, डॉ हिमांशी रूपालिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी, डॉ हिमांश मेहता सिविल हॉस्पिटल सोनकच्छ, डॉ राहुल ममरोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली, डॉ. स्वप्निल राय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास, डॉ.छाया यादव सिविल अस्पताल कन्नौद, डॉ कार्तिक जाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी, डॉ श्रुति भारती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौबाराधीरा, डॉ मेघल छाबड़िया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करनावद, डॉ समर्पित मिश्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली को दिया गया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव देवास से प्रदेश के किसानों को भावांतर की राशि करेंगे अंतरित

**किसानों के लिए खास कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 नवम्बर को भावांतर योजना अंतर्गत प्रदेश के सोयाबीन विक्रेता किसानों देवास से भावांतर की राशि अंतरित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देवास जिले के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी करेंगे। प्राप्त भ्रमण कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 13 नवम्बर को सुबह 11.30 बजे देवास आयेंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 01.35 बजे देवास से इन्दौर के लिए रवाना होंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव देवास से प्रदेश के किसानों को भावांतर की राशि करेंगे अंतरित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्धारित दौरे को लेकर प्रशासन द्वारा समस्त तैयारियां कर ली गई है। यह दौरा किसानों के लिए बेहद खास है। 13 नवंबर को देवास से ही मुख्यमंत्री भावांतर योजना के तहत 1.32 लाख किसानों को 300 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से भुगतान करेंगे, साथ ही कई विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी प्रस्तावित है।भावांतर योजना के तहत जिले के लगभग 1,32,000 किसानों को 300 करोड़ रुपए का लाभ सीधे क्लिक प्रणाली से मिलेगा। किसानों को औसतन 1300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से राशि दी जाएगी।

### फर्जी पेमेंट स्क्रीनशॉट दिखाकर दुकानदारों से ठगी करने वाले युवक-युवती गिरफ्तार




**देवास।** थाना कोतवाली में 5 नवंबर को फरियादी दिलीप पिता शिवनारायण सोनी उम्र 60 वर्ष निवासी 132 हेबतराव मार्ग देवास जो रत्नराज ज्वेलर्स नावेल्टी चौराहा एमजी रोड देवास पर ज्वेलरी की दुकान संचालित करते हैं ने थाना कोतवाली पर आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 4 नवंबर को शाम करीब 6 बजे एक महिला और पुरुष मोटरसाइकिल से उनकी दुकान पर आए और एक चांदी की पायल एवं दो चांदी की अंगूठिया कीमत 6,700 की खरीदीं । दोनों ने दुकान पर लगे फोन पे क्यूआर कोड से पेमेंट करने का दावा किया और एक फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाया। जब फरियादी ने जांच की तो पाया कि कोई पेमेंट प्राप्त नहीं हुआ है। महिला से जब मोबाइल नंबर पूछा गया, तो उसने 7879467664 बताया गया, जिस पर फरियादी ने अपने मोबाइल से कॉल किया तो रिंग जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद दोनों जल्दी में दुकान से सामान लेकर चले गए। बाद फरियादी को पता लगा कि इस प्रकार की ठगी दोनो युवक-युवती द्वारा नावेल्टी चौराहा स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर भी की गई है। वहां से भी आरोपियों द्वारा एक एलईडी टीवी कीमत 18500 रुपए की खरीदी कर किसी फ्रॉड एप के माध्यम से फोन पे का पेमेन्ट करने का स्क्रीन शॉट दिखाया और कहा कि पेमेंट हो गया है एवं ठकी कर चले गये। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 815/05.11.2025 धारा 318(4), 3(5) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ ने किया आभार व्यक्त



**देवास।** पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ के महामंत्री भगवान स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग म.प्र. शासन भोपाल से भारतीय मजदूर संघ एवं म.प्र. बिजली कर्मचारी महासंघ की संयुक्त बैठक में भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर के कुशल नेतृत्व में एवं म.प्र.बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पाण्डेय द्वारा सघन मांग वार्ता के बाद म.प्र. शासन द्वारा विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानजनक वृद्धि के साथ फ्रिंज बेनिफिट की घोषणा एवं सेवानिवृत्ति के अवसर पर जो सम्मान विद्युत कर्मियों को मिलता था उसे पुनः लागू कर विद्युत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कंपनी की तरफ से प्रशस्ति पत्र एवं राशि 3000 रुपए तक की एक हाथ घड़ी के साथ सम्मान किया जावेगा, से संबंधित आदेश शासन द्वारा जारी कर दिए गए है। पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ की ओर से मुख्यमंत्री म.प्र. शासन, ऊर्जा मंत्री म.प्र. शासन, अतिरिक्त ऊर्जा सचिव एवं आदेश जारी कराने में सर्वोपरि भूमिका निभाने वाले अग्रणी भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर एवं म.प्र.बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पाण्डेय को बहुत-बहुत आभार, धन्यवाद, साधुवाद, वंदन, अभिनन्दन दिया।

### मान्यता नवीनीकरण के लिए 15 तक करें आवेदन

**देवास।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा वर्ष 2026-27 की नवीन मान्यता, मान्यता नवीनीकरण, माध्यमिक वृद्धि, पता परिवर्तन एवं विषय वृद्धि के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करने हेतु पोर्टल खोला गया है, जिसकी अंतिम 15 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक के नवीन मान्यमता, मान्यता नवीनीकरण, माध्यमिक वृद्धि, पता परिवर्तन एवं विषय वृद्धि के आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अशासकीय विद्यालय से प्राप्त आवेदनों को मध्यप्रदेश माध्यमिक एवं उच्चत्तरतर माध्यमिक शालाओं की मान्यता नियम 2017 एवं मान्यता नियम 2020 एवं यथा संशोधित नियम 2021" के अंतर्गत निराकृत किया जाएगा।

# पुलिस बनकर महिला से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर में पुलिस ने एक महिला से सोने की चेन ठगने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना 17 जुलाई 2025 की है, जब महिला जैन मंदिर से घर लौट रही थीं। रास्ते में दो अज्ञात व्यक्तियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर महिला को रोका और कहा कि शहर में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं, इसलिए गहने उतारना जरूरी है। महिला उनके झांसे में आ गई और उन्होंने उसकी सोने की चेन लेकर फरार हो गए। महिला की शिकायत पर नाहर दरवाजा थाने में मामला दर्ज किया गया। एसपी पुनीत गेहलोद ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया और सीएसपी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मंजु यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी की पहचान के सुराग मिले। विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने असदुल्लाह जाफरी उर्फ असदु (55 वर्ष) को भोपाल के नादरा बस स्टैंड के पास ईरानी डेरा, थाना हनुमानगंज से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से लगभग 3 लाख रुपये कीमत की सोने की चेन बरामद की गई है।गिरफ्तार आरोपी असदुल्लाह जाफरी पिता मसल्ला जाफरी, मूल रूप से ग्राम लोनी कालबोर पटेरी बस्ती, जिला पुणे देहात (महाराष्ट्र) का निवासी है और फिलहाल भोपाल में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है और उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

# न्यायोत्सव के तहत किर्लोस्कर कंपनी में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अजय प्रकाश मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के मार्गदर्शन में बुधवार को न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह-2025 की कार्य योजना के अनुसार दोपहर 2 बजे किर्लोस्कर कंपनी देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अजय प्रकाश मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश देवास एवं रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास उपस्थित हुए।

उक्त शिविर में अजय प्रकाश मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश देवास ने श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में विस्तृत जानकारी देकर निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी एवं यातायात नियमों के प्रति भी कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने भी निःशुल्क विधिक सहायता एवं एवं विधिक सहायता हेतु पात्र व्यक्तियों के बारे में भी उपस्थित कंपनी के श्रमिकों को जानकारी देकर जागरूक किया। अतः उक्त शिविर में कंपनी प्रबंधक राजेश घाघरे, मनोज जोशी श्रम कल्याण अधिकारी, विश्राम लेले प्लांट हेड एवं वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक नाईक सहित कंपनी के श्रमिकगण उपस्थित रहे। अतः कंपनी प्रबंधक राजेश घाघरे ने आभार व्यक्त किया।

### भौरासा के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी

# दो दशकों से छात्रों को राजनीतिक विज्ञान विषय के शिक्षक का इंतजार






हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर भौरासा के श्री हरि भाऊ उपाध्याय शासकीय बालक उच्च. माध्यमिक विद्यालय में एक बार फिर शिक्षकों की कमी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। विद्यालय में लगभग दो दशक से राजनीति विज्ञान विषय का उच्च प्रभार का पद रिक्त था। हाल ही में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) देवास के आदेश पर पीपलरांवा के शिक्षक मुन्नालाल अंगोरिया को इस पद पर पदस्थ किया गया था। अंगोरिया ने 13 अगस्त 2024 को भौरासा विद्यालय में कार्यभार ग्रहण भी कर लिया था, लेकिन मात्र दो सप्ताह बाद 29 अगस्त से उन्होंने विद्यालय आना बंद कर दिया।

#### 20 वर्षों बाद मिला शिक्षक फिर हुआ तबादला



स्थानीय शिक्षकों और अभिभावकों का कहना है कि यह निर्णय भौरासा के विद्यार्थियों के साथ अन्याय है। लगभग 20–22 वर्षों बाद जब भौरासा नगर के विद्यालय को राजनीति विज्ञान विषय का शिक्षक मिला था, तो बच्चों में खुशी थी, लेकिन कुछ ही दिनों में उन्हें वापस भेज देने से भविष्य अंधकार में जाता दिखाई दे रहा है।

#### क्या शिक्षा व्यवस्था दबाव में?

स्थानीय नागरिकों का सवाल है कि अगर पीपलरांवा के बच्चों के लिए दबाव बन सकता है, तो क्या भौरासा के बच्चे शिक्षा से वंचित रहेंगे? लोगों का कहना है कि जिला शिक्षा अधिकारी को पूरे जिले के विद्यार्थियों के हित में समान रूप से निर्णय लेना चाहिए, न कि किसी के दबाव में। इस मामले में जब सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनसे बात नहीं हो सकी। भौरासा के विद्यार्थी और अभिभावक अब जिला प्रशासन से यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही शिक्षक की नियुक्ति कर बच्चों की पढ़ाई को सही दिशा दी जाएगी। वहीं यह मामला यह भी उजागर करता है कि शिक्षा विभाग में दबाव की राजनीति किस तरह बच्चों के भविष्य पर असर डाल रही है।

# बलवा व मारपीट करने वाले 9 आरोपी हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

थाना कमलापुर पर 9 नवंबर को फरियादी धर्मेंद्र एवं उसके पिता इंदर सिंह के साथ जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम अर्गुली में जमीनी रंजिश के चलते आरोपी कुंदन पिता जसपाल सिंह सेंधव, कृष्णपाल सिंह पिता जसपाल सिंह सेंधव, अर्जुन पिता धन सिंह सेंधव, दीपक पिता कृपाल सिंह सेंधव, कृष्णपाल सिंह उर्फ गोलू पिता राजेंद्र सिंह सेंधव, गजराज सिंह पिता जगन्नाथ सिंह सेंधव, धर्मेंद्र पिता मोहन सिंह सेंधव, राजेंद्र उर्फ भोला पिता गुलाब सिंह सेंधव और अमन पिता अनूप सिंह के द्वारा लाठी-डंडों से लैस होकर सामूहिक रूप से फरियादी के साथ मारपीट की गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कमलापुर पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा द्वारा कार्यवाही करते हुए मंगलवार को सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। मामले को लेकर फरियादी के परिजनों ने एसपी को शिकायत कर उचित कार्रवाई कि मांग करते हुए, सुरक्षा की मांग की। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कमलापुर सर्जन सिंह मीणा, प्रआर अरुण आर्य, प्रमोद मेहना, आर अरुण वर्मा, सैनिक विष्णु सोनी की सराहनीय भूमिका रही

## खबर संक्षेप

### बार पुलिस ने खोए फोन लौटाए

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में थाना बार पुलिस ने गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। पुलिस ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर आवेदक के प्रपत्रों को अपलोड करके, मोबाइल के आईएमईआई नम्बरों को रन कराया गया। सम्बंधित एजेंसियों से प्राप्त डेटा अवलोकन व विश्षलेषण से जानकारी पर दोनों फोन बरामद किये गये। फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बार अजमेर सिंह भदौरिया, क.ऑ.राहुल रॉय शामिल रहे।

### मंडी चौकी पुलिस ने ईनामियां गैंगस्टर दबोचा

**ललितपुर।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के निर्देश, एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन व एएसपी कालू सिंह व सीओ सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों को पकडऩे के लिए चलाये जा रहे अभियान में कोतवाली क्षेत्र की गल्ला मण्डी चौकी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हांसिल हुयी है। चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान पच्चीस हजार रुपये का ईनामियां गैंगस्टर मोहल्ला पिसनारी निवासी अभिषेक विश्वकर्मा पुत्र कैलाश नारायण को धर दबोचा है। गैंगस्टर को पकडऩे वाली पुलिस टीम में मण्डी चौकी प्रभारी उ.नि. अरूण कुमार सिंह, हे.कां. मुकेश कुमार, कां.लोकेन्द्र सिंह शामिल रहे।

### दामाद ने लापरवाही से चलाई बाइक, नहर में गिरा साला

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खांदी के मजरा बागन्नी में रहने वाली वीरन पुत्र मल्थू ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 17 अक्टूबर को सुबह करीब 6.15 बजे उसका पुत्र रोहित व दामाद करन मोटरसाइकिल एच.एफ.डीलक्स से थाना गांव जा रहे थे। मोटर साइकिल को दामाद झांसी के बड़ागांव निवासी करन पुत्र वीरन चला रहा था और उसका पुत्र रोहित पीछे बैठा हुआ था। बताया कि वह जैसे ही ग्राम बिगारी नहर पुलिया के पहुंचे तो दामाद द्वारा गाड़ी तेज व लापरवाही से चलायी, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी नहर में जा गिरी और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। इसके अलावा उसके पुत्र को सिर में गंभीर चोट आयी और पसलियां टूट गयी। तभी पीछे से स्कूटी से आ रहे भतीजे प्रदीप व पुत्री बबली ने देखा और एम्ब्युलेंस से सरकारी अस्पताल तालबेहट लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान सिर में गंभीर चोट होने के चलते झांसी रेफर कर दिया गया, जहां से उन्होंने अपने पुत्र को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालात में सुधार न होने के चलते ग्वालियर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसके पुत्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वीरन की तहरीर पर बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शाक भाजी खेती करने के इच्छुक किसान आमंत्रित

**ललितपुर।** जनपद के समस्त कृषक जो शाकभाजी की खेती हेतु इच्छुक हैं। ऐसे कृषकों को बीज उपलब्ध कराने हेतु राजकीय चन्द्रशेखर पार्क कम्पनी बाग ललितपुर में दिनांक-14, नवम्बर-2025 दिन शुक्रवार को मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मेले में शासन द्वारा उद्यान विभाग में इम्पैनल्ड 19 शाकभाजी बीज निर्माता कम्पनियों को आमंत्रित किया गया है। मेले में प्रतिभागी कृषकों को कम्पनियों द्वारा शाकभाजी / मसाला/पुष्प फसलों का बीज कृषकों को काइन्ड डी०बी०टी० के रूप में निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। बीज प्राप्त करने हेतु इच्छुक कृषक विभागीय बेवसाइट पर पंजीकरण कराकर एकीकृत बागवानी मिशन योजना अन्तर्गत शाकभाजी कार्यक्रम का चयन कर आवेदन कर सकते हैं।

---

### नपाध्यक्ष ने किया सिद्धनपुरा का निरीक्षण, जानी जमीनी हकीकत

# टूटी पड़ी सड़कें, सड़कों पर बहता गंदा पानी और बजबजाती नालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शहर के विकास एवं स्वच्छ सुन्दर बनाये जाने के उद्देश्य से रोस्टर जारी कर चलाये जा रहे अभियान में मोहल्ला सिद्दनपुरा वार्ड नं. 01 का नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने निरीक्षण किया। लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं व सुझावों को जाना। नपाध्यक्ष ने संबंधित एसआई को मोहल्ले में नियमित रूप साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने एवं अवर अभियंता को सड़कों की मरम्मत व वार्ड में जहां पर सड़के नहीं डली हुई है उन्हें आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखकर बोर्ड की स्वीकृत कराते हुए सड़कों के निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये गये। वहीं मुख्य स्टोर लिपिक को मोहल्ले में स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत कराये जाने एवं खाली पड़े विद्युत पोलों पर स्ट्रीट लाईट लगवाते हुए प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान मोहल्लेवासियों व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि वार्ड में स्थित शमशान घाट पर जो कर्मचारी तैनात है, वह नियमित रूप से नहीं आता है और न ही उसके द्वारा कोई कार्य किया जा रहा है, जिस पर अध्यक्ष द्वारा तत्काल उक्त कर्मचारी को हटाये जाने के निर्देश दिये गये। सिद्दनपुरा में नपाध्यक्ष ने मोहल्लेवासियों से समस्याओं को सुना एवं साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया, जिस पर मोहल्लेवासियों ने अवगत कराया कि मोहल्ले में डोर टू डोर कचरा वाहन कभी कभी आता है. कभी नहीं आता है, जिस पर अध्यक्ष ने फटकार लगाते हुए नियमित रूप से वाहन डोर टू डोर भेजे जाने के निर्देश दिये। वार्ड में स्थित नेन्सी गार्डन के पास एक प्लाट में कचरा पाया गया व नालियां चौक पाई गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा तत्काल जे.सी.बी. से उक्त कचरे को हटाये जाने एवं संबंधित प्लाट मालिक के विरूद्ध नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये। मोहल्ले में अनेक सड़के क्षतिग्रस्त पाई गई व कई गलियों में सड़के नहीं पाई गई, जिस पर मोहल्लेवासियों द्वारा अध्यक्ष को अवगत कराया गया, अध्यक्ष द्वारा अवर अभियंता एवं लिपिक को समस्त गलियों को नोट कराया गया, साथ ही निर्देशित किया कि समस्त गलियों में जहां-जहां थोड़ी बहुत समस्या है उसे 07 दिवस के अदर दूर करा दें, जिन गलियों में सड़के नहीं डली हुई है उन्हें आगामी बोर्ड बैठक के दौरान प्रस्ताव में रखकर बोर्ड की स्वीकृति कराते हुए समस्त सड़कों को ठीक कराया जाये। वहीं मोहल्ले में निरीक्षण के दौरान अनेक गलियों में खंबे लगे पाये गये, लेकिन उन पर स्ट्रीट लाईटें नहीं पाई गई व कहीं-कहीं गलियों में स्ट्रीट लाईटें खराब पाई गई, जिस पर अध्यक्ष महोदया द्वारा संबंधित लिपिक को तत्काल प्रभाव से समस्त लाईटों की मरम्मत कराये जाने एवं जहां पर प्रकाश व्यवस्था नहीं है उस स्थान पर स्ट्रीट लाईटें लगाये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जल निगम द्वारा अनेक जगह पाईप लाईन डालते समय रोड को क्षतिग्रस्त कर दिया है व कई जगह पाइप लाईन तो डाली है, लेकिन मोहल्ले में पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है, जिस पर अध्यक्ष द्वारा जल सस्थान के अधिशासी अभियंता एवं अन्य अधिकारियों से वार्ता करते हुए मोहल्लेवासियों की समस्याओं का तत्काल रूप से निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये।

---

### नागरिक विकास मोर्चा ने जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन

## सम्बद्धीकरण समाप्त कर शिक्षकों को मूल स्थान भेजने की मांग



**ललितपुर।** शिक्षा विभाग में चल रहे शिक्षकों के सम्बद्धीकरण को समाप्त कर शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किये जाने की मांग को लेकर नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव ने शिक्षकों के सम्बद्धीकरण को समाप्त करने की निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में निक्षकों का पूरी तरह सम्बद्धीकरण समाप्त नहीं किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अफसरों ने विभागीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने के लिए कुछ शिक्षकों को ही मूल विद्यालय भेजा है, जबकि अनेक शिक्षकों का अभी भी कार्यालय एवं विद्यालय में सम्बद्धीकरण बना हुआ है। इसका ताजा उदाहरण जीजीआईसी ललितपुर है। जीजीआईसी तालबेहट की प्रधानाचार्य को जीजीआईसी ललितपुर में अटैच किया गया है। इस कारण सम्बद्धीकरण डेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में अनेक जगहों पर देखा जा रहा है। इससे अपर मुख्य सचिव शिक्षा की मंशा पर पानी फिर रहा है। वहीं, कोतवाली के सामने पीएन इंटर कॉलेज में नगर पालिका का नया भवन बनाने के लिए नगर पालिका की अधिकारी कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं। यदि पी.एन.इंटर कॉलेज में नगर पालिका का नया भवन बनता है तो वाहन पार्किंग एक बड़ी समस्या बन जाएगी, क्योंकि यहां चार पहिया वाहनों को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। साथ ही कॉलेज की कक्षाएं संचालित करने की भी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। बता दे कि राजकीय इंटर कॉलेज के पास जो पीएन इंटर कॉलेज का भवन है, उसमें पहले से कक्षा संचालन की समस्या है। यदि कोतवाली के मामने संचालित कक्षाओं को स्थानांतरित किया गया तो कॉलेज प्रधानाचार्य के समक्ष कक्षा संचालन की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारी से सम्बद्धीकरण को लेकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

---

## दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन




**ललितपुर** । प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, ललितपुर द्वारा ग्राम पंचायत गिरार विकास खण्ड-मड़ावरा में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 30 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया जिनको खाद्य संरक्षण साहित्य एवं अन्य सामग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित डा. दिनेश चन्द्र उपाध्याय, प्रधानाचार्य खाद्य विज्ञान, झॉसी ने दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण योजना की प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण के उपरान्त स्वरोजगार हेतु सूक्ष्म इकाई स्थापना कर रोजगार कैसे प्राप्त करें इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया सूक्ष्म इकाई स्थापना हेतु बैंक से ऋण पर विभाग द्वारा रू. 1.00 लाख का अनुदान दिया जायेगा। डा. लक्ष्मीकान्त मिश्रा, प्रोफेसर नेहरू महाविद्यालय (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण) ने प्रशिक्षार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण की उपयोगिता एवं महत्व की जानकारी विस्तृत रूप से दी। श्री कुंजबिहरारी शर्मा डायरेक्टर फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी ने प्रशिक्षार्थियों को छोटे-छोटे खाद्य प्रसंस्करण के लघु उद्योग स्थापना की जानकारी दी जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों की आय दोगुनी हो सके व स्वरोजगार प्राप्त कर सके। कार्यवाहक प्रभारी श्री पुरूषोत्तम नारायण ने प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जी संरक्षित करने की विधि एवं बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम उपरान्त श्री देवी सिंह ग्राम प्रधान ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

---

## एक दिवसीय प्रशिक्षण सेमिनार में दी जानकारी



**ललितपुर।** माता सुकेता महिला मत्स्य पालन सशक्तिकरण के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण सेमिनार में शामिल हुए वरिष्ठ अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह उपनिदेशक मत्स्य विभाग झांसी डा.मोहम्मद इकबाल खान, सेवानिवृत्त शरद कुमार तिवारी, बीपी सिंह मत्स्य विभाग, कुशाल सिंह, आशीष कुमार, जोगिंदर सिंह आदि मौजूद रहे। ललितपुर मत्स्य विभाग में एक सिविल का आयोजन किया गया, जहां पर मत्स्य विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें जिले की मछुआ समुदाय की करीबन 200 महिलाओं ने बढ़कर का हिस्सा लिया। मछुआ समुदाय के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त की सबसे अच्छी योजना मत्स्य विभाग की मत्स्य दुर्घटना बीमा योजना है, जो निशुल्क कराई जा रही है। यह महिलाओं को जानकारी जैसे ही मिली वैसे ही महिलाओं ने अपने आधार कार्ड एक फोटो और मोबाइल नंबर देकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। मत्स्य विभाग के द्वारा तमाम तरह की योजनाएं चलाई जा रही है, जिसके चलते आज झांसी से आए अधिकारियों ने महिलाओं को संबोधित कर योजनाओं का लाभ दिलाने की अपील की। मत्स्य विभाग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी के लिए मत्स्य विभाग संपर्क करें। निशुल्क बीमा कारण एवं परिवार को सुरक्षित करने के लिए मत्स्य बीमा योजना का लाभ लें एवं मत्स्य विभाग द्वारा चलाई जा रही तमाम योजना का लाभ लेकर स्वावलंबी बने।

---

## किसानों के हितार्थ उत्तर प्रदेश राज्य में प्राइस सपोर्ट स्कीम लागू

**ललितपुर।** पीएसएस के तहत मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गतः किसानों के हितार्थ उत्तर प्रदेश राज्य में प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में जनपद में दलहन-तिलहन (मूंग, उरद, तिल एवं मूंगफली) की खरीद हेतु स्टेट क्रय एजेन्सी यूपीपीसीएफ, यूपीपीसीयू एवं उप्र उपभोक्ता सहकारी संघ लि. लखनऊ (यूपीएसएस) द्वारा जनपद के कृषकों की सुविधा हेतु 18 क्रय केन्द्रों क्रमशः अमरपुर मण्डी-02, नगवॉस मण्डी-01, मड़ावरा मण्डी-05, महरौनी मण्डी-1, नाराहट मण्डी-1, गौना-1, राखपंचमपुर मण्डी-1, बरौदा मण्डी-1, बानपुर मण्डी-2, जाखलौन मण्डी-2 एवं समिति परिसर एट कल्यानपुरा-1 के क्रय केन्द्र खोले गये हैं। केन्द्रों पर कृषक न्यूनतम समर्थन मूल्य मूंग-8768.00 रुपए प्रति कु., उरद-7800.00 रुपए प्रति कु., तिल-9846.00 रुपए प्रति कु. एवं मूंगफली-7263.00 रुपए प्रति कु. पर अपनी उपज का विक्रय सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन कर सकते है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, ललितपुर। खरीद हेतु स्टेट क्रय एजेन्सी यूपीपीसीएफ, यूपीपीसीयू एवं उप्र उपभोक्ता सहकारी संघ लि० लखनऊ द्वारा जनपद के कृषकों की सुविधा हेतु 18 क्रय केन्द्रों क्रमशः अमरपुर मण्डी-02, नगवॉस मण्डी-01, मड़ावरा मण्डी-05, महरौनी मण्डी-1, नाराहट मण्डी-1, गौना-1, राखपंचमपुर मण्डी-1, बरौदा मण्डी-1, बानपुर मण्डी-2, जाखलौन मण्डी-2 एवं समिति परिसर एट कल्यानपुरा-1 के क्रय केन्द्र खोले गए हैं।

---

### मंत्र उच्चारण व निकाह पढ़ने के साथ दांपत्य सूत्र में बंधे 332 जोड़े, जनप्रतिनिधि व अधिकारीगणों के साथ लोगों ने दिया आशीर्वाद

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत जनपद में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ संपन्न

प्रत्येक जोड़े को 1 लाख रुपए का आर्थिक लाभ देकर सुखद दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत बुधवार को जनपद को प्राप्त 330 लक्ष्य के सापेक्ष आज जनपद के गिन्नौट बाग में 332 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष तालबेहट पुनीत सिंह परिहार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सौनाली जैन, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान सहित अन्य अधिकारीगणों ने भगवार गणेश का पूजन कर वर-बधु को सुखद दाम्पत्य जीवन का आर्शीवाद दिया।

जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में अब तक का सबसे बड़ा आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसके लिए पूर्व से ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई थीं, व्यवस्थाओं के लिए पंचायती राज विभाग, नगर पालिका, पूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को तैनात किया गया और आयोजन स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया, साथ ही बायोमेट्रिक मशीन व फेस रीडर के माध्यम से जोड़ों का सत्यापन कराया गया। आयोजन में पूरे विधिविधान से धार्मिक रीतिरिवाजों के साथ नवयुगलों का विवाह और निकाह सम्पन्न कराया गया और योजनान्तर्गत प्रत्येक जोड़े को 01 लाख रुपए की धनराशि का लाभ दिया गया, जिसमें से 60 हजार रुपए कन्या के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजा गया, 25 हजार के उपहार, गृहस्थी का सामान व कपडे आदि पर व्यय हुए तथा शेष 15 हजार से आयोजन व भोजन आदि पर व्यय किये गए।

कार्यक्रम में 332 नवयुगलों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिनमें नगर पालिका के 80, नगर पंचायत पाली के 04, नगर पंचायत महरौनी के 02, नगर पंचायत तालबेहट के 05, विकासखण्ड जखौरा के 57, विकासखण्ड महरौनी के 30, मड़ावरा के 34, तालबेहट के 44, बार के 44 और बिरधा के 32 जोड़े शामिल हैं। कार्यक्रम में आर्शीवाद देते हुए मा0 राज्यमंत्री ने कहा कि आज जनपद ललितपुर की पावन भूमि पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, सभी जोड़े अपने परिवारजनों की सेवा करें, उनके साथ मधुर व्यवहार करें और सुखमय जीवन व्यतीत करें।

सदर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आज यहां बिना किसी भेदभाव के सभी समुदाय के जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है, सबका साथ-सबका विकास ही हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों के सपने साकार कर रही है, वर्तमान प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के द्वारा जनता के कल्याण के लिए जो भी कार्य कराये जा रहे हैं, वे सराहनीय है, जिनका लाभ आज प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सीधे मिल रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि आज बहुत खुशी का मौका है कि एक ही स्थान पर हर समुदाय के जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हो रहा है। जिलाधिकारी ने सभी नवयुगलों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आगे भी इसी प्रकार के आयोजनों के माध्यम से छूटे हुए पात्र जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया जाएगा।

---

### आंध्र प्रदेश की पारंपरिक कलाकृति में उकेरी थी चित्रकला

## ललितपुर के आर्यन साहू उज्जैन में कालिदास सम्मान से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जिले के लिए यह गर्व का क्षण है जब जनपद के युवा चित्रकार आर्यन साहू पुत्र विनोद कुमार 22 वर्ष को उज्जैन में आयोजित कालिदास समारोह में चित्रकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रतिष्ठित कालिदास सम्मान के साथ उन्हें 1 लाख की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें उनकी विशिष्ट कृति मालविका अग्निमित्रम (संपूर्ण) के लिए प्रदान किया गया, जो कला मुखरी शैली में ललितपुर के आर्यन साहू उज्जैन में कालिदास सम्मान से सम्मानित किया गया।

जिले के लिए यह गर्व का क्षण है जब ललितपुर के युवा चित्रकार आर्यन साहू पुत्र विनोद कुमार 22 वर्षको उज्जैन में आयोजित कालिदास समारोह में चित्रकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रतिष्ठित ह्यकालिदास सम्मानह्व से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के अंतर्गत उन्हें 1 लाख की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी विशिष्ट कृति मालविका अग्निमित्रम् (संपूर्ण) के लिए प्रदान किया गया, जो कला मुखरी शैली में निर्मित है। यह शैली आंध्र प्रदेश की पारंपरिक लोकचित्रकला मानी जाती है, जिसमें प्राकृतिक रंगों का प्रयोग और कपड़े पर हाथ से चित्रांकन किया जाता है। यह कला भारतीय संस्कृति और लोककथाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है। विगत शुक्रवार को उज्जैन में आयोजित कालिदास समारोह के समापन सत्र के दौरान संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विशिष्ट अतिथि निगम सभापति कलावती यादव तथा अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने की। मंच पर महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, कालिदास समिति सचिव डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप नागर द्वारा किया गया।

ललितपुर के लक्ष्मीपुरा निवासी मात्र 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि प्राप्त कर आर्यन ने अपने परिवार, गुरुजनों और पूरे ललितपुर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरे पिता विनोद माता रजनी साहू व मेरे गुरुओं और मेरे शहर ललितपुर का है। मैं आगे भी अपनी कला के माध्यम से समाज को जोड़ने और प्रेरित करने का प्रयास करता रहूंगा। पुरस्कार मिलने पर स्थानीय कला शिक्षकों, साहित्यकारों और युवाओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आर्यन जैसे युवा कलाकार आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। यह शैली आंध्र प्रदेश की पारंपरिक लोकचित्रकला मानी जाती है, जिसमें प्राकृतिक रंगों का प्रयोग और कपड़े पर हाथ से चित्रांकन किया जाता है। यह कला भारतीय संस्कृति और लोककथाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है।

विगत शुक्रवार को उज्जैन में आयोजित कालिदास समारोह के समापन सत्र के दौरान संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विशिष्ट अतिथि निगम सभापति कलावती यादव तथा अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने की। मंच पर महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, कालिदास समिति सचिव डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप नागर द्वारा किया गया। ललितपुर के लक्ष्मीपुरा निवासी मात्र 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि प्राप्त कर आर्यन ने अपने परिवार, गुरुजनों और पूरे ललितपुर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है।

---

## भारतीय किसान संघ ने दिया ज्ञापन



**ललितपुर।** भारतीय किसान संघ ने जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन भेंट किया जिसमें क्रय केंद्र खोले जाने के साथ-साथ किसानों को अपनी उपज का सही जो मूल्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया उस पर खरीद की जानी चाहिए। पिछले वर्ष खरीद केदो पर किसानों से 1000 से लेकर 2000 तक अवैध वसूली की गई और और किसानों की उपज खरीदने की जगह मंडी के दुकानदारों ने सस्ते दामों में खरीद कर माल रख लिया था वही माल क्रय केदो पर बड़े स्तर बेचा गया। जिससे वास्तविक किसान परेशान रहे और उन्होंने धरना प्रदर्शन किया मगर नतीजा जीरो रहा। इस वर्ष शासन की मंशा के अनुसार खरीद केदो पर किसानों की उपज की खरीद की जानी चाहिए भारतीय किसान संघ के महासचिव हरपाल सिंह के साथ केहर सिंह बुंदेला आदि उपस्थित थे।

डीजीएम क्षेत्र बोले - राजस्व न मिलने से नहीं हो रहा उन्नयन, फिर भी 2 दिन सप्लाई होगी बिजली

# चाठा सब स्टेशन पर करोड़ों का राजस्व बकाया किसानों ने किया मात्र 1 प्रतिशत का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



पिछले कई दिनों से चाठा सब स्टेशन पर बनी बिजली की समस्या से जुड़े किसानों को लेकर कांग्रेस ने कई बार बिजली विभाग के खिलाफ धरना व आंदोलन किए। जिसमें समस्या के समाधान और बिजली सप्लाय को सुधारने का की बात करते हुए अधिकारियों ने ही धरना खत्म करवाया परंतु अभी भी चाठा सब स्टेशन पर स्थिती जस की तस बनी हुई है।

विद्युत विभाग के डीजीएम का साफ कहना है कि इस सब स्टेशन से जुड़े लगभग 3250 विद्युत उपभोक्ताओं में से मात्र 125 ने ही बिजली बिलों का भुगतान किया है जो कि कुल राजस्व का 1 प्रतिशत है जो नाकाफी है। उपमहाप्रबंधक क्षेत्रे ने साफ शब्दों में बोला की यदि राजस्व नहीं मिल पाएगा तो हम इस स्थिती को ज्यादा बेहतर नहीं कर पाएंगे। जिससे किसानों को मिलने वाली लाइट में लगातार व्यवधान बना हुआ है जिसको हम आने वाले दिनों में बेहतर करने के लिए प्रयासरत है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने कलेक्टर से की शिकायत

क्षेत्र के किसानों की फसलों को ध्यान में रखते हुए जहां जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया लगातर विद्युत सप्लाय ठीक करने के लिए प्रयासरत है इसी क्रम में मंगलवार को वह कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा से मिले जिसमें चाठा सब स्टेशन से जुडे किसानों को बिजली सप्लाय न मिल पाने को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है और उसके समाधान की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इसी बात को लेकर 9 नवंबर को किसानों ने जाम लगाकर विरोध प्रर्दशन भी किया था।

### किसान व घरेलु 3250 उपभोक्ताओं पर 5 करोड़ 25 लाख का राजस्व बकाया

चाठा सब स्टेशन से संबंधित किसानों पर करोड़ों का राजस्व बकाया होने के कारण बिजली सप्लाय न होने जैसी स्थिती निर्मित हो रही है। डीजीएम का कहना है कि चाठा सब स्टेशन से जुडे किसान व घरेलु 3250 उपभोक्ताओं पर 5 करोड 25 लाख का राजस्व बकाया है जिसमें से 6 लाख की राशि मंगलवार शाम तक जमा की हुई है जो कि कुल राजस्व का लगभग 1 प्रतिशत है। यदि सब स्टेशन के उपभोक्ताओं की ओर से 20 प्रतिशत भी राजस्व जमा हुआ होता तो इस परेशानी से बचा जा सकता था परंतु स्थिती को समझते हुए हमने प्रपोजल भेज दिया है और आने बाले एक दो दिन में हम चाठा सब स्टेशन के किसानों को बिजली सप्लाय की जावेगी।

'संवाद से समाधान' के तहत कलेक्टर ने लापरवाहों पर गिराई गाज

# बोड़ा नप एआरआई सस्पेंड, 2 लेखापालों की वेतनवृद्धि रोकी



**राजगढ़।** जिलाधीश डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा हर मंगलवार 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम शुरू किया गया है जिसमें किसी एक विभाग की पांच शिकायतों का चयन कर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी व संबंधित शिकायतकर्ता को बैठाकर समस्या का समाधान व दोषियों पर कार्यवाही की।

इसी कड़ी में कल नगरीय विकास एवं आवास विभाग की 5 शिकायतों की समीक्षा की गई। बोड़ा नगर परिषद के शिकायतकर्ता कन्हैयालाल सेन ने बताया कि उनके द्वारा उनके स्वामित्व के तीनों मकानों का नक्शा बनाने हेतु बोड़ा नप कार्यालय में आवेदन दिया गया लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बोड़ा नगर परिषद के सहायक राजस्व निरीक्षक देवकरण यादव को सस्पेंड करने के निर्देश प्रदान किए। पचोर निकाय की एक शिकायत में आवेदक विकास ने बताया कि उनके द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत पचोर में 302 शौचालयों का निर्माण करवाया गया लेकिन काफी समय पूर्व से बिल लंबित होकर लेखापाल ने भुगतान अटका रखा है। इस पर कलेक्टर ने लेखापाल दुर्गेश शर्मा की 01 वेतनवृद्धि रोकते हुए 3 दिवस में भुगतान के आदेश दिए।

### समस्या हल करने के साथ की गई कार्यवाहियां

खिलचीपुर के शिकायतकर्ता सचिन शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा नगर पालिका खिलचीपुर में नामातंरण के लिए आवेदन किया गया था अभी तक वह लंबित पड़ा है। इस पर लापरवाही पर कलेक्टर ने खिलचीपुर सीएमओ नोटिस जारी कर 07 दिवस में नामांतरण करने के निर्देश प्रदान किए। इसी तरह सारंगपुर नपा के वित्तीय वर्ष 2019, 2020 एवं 2021 में श्री लैय अग्रवाल से क्रय की गई विभिन्न सामग्रियों का पेंमेंट भी अर्से से लंबित रखने पर कलेक्टर ने शाखा प्रभारी एवं लेखापाल को निलंबन का नोटिस देकर सीएमओ को एससीएन जारी करने के निर्देश प्रदान किए।

मतदाताओं को नहीं बांटे फार्म

# निवार्चन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही, बीएलओ सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में गत 4 नवंबर से मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य आरंभ हो चुका है। जिले भर में बनाए गए बीएलओ(बूथ लेवल ऑफिसर) घर-घर जाकर पूरी गंभीरता से मतदाता सूचियों को अघतन करने में जुटे हुए हैं। वहीं कुछ बीएलओ ऐसे भी हैं जिनके द्वारा निवार्चन आयोग के इस अति-महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाहियां भी बरती जा रही हैं।

इसी कड़ी में खिलचीपुर तहसील के एक बीएलओ रामकैलाश दांगी द्वारा मतदाता सूचियों के इस गहन पुनरीक्षण की मैपिंग तथा फार्म वितरण में गंभीर लापरवाही बरती गई। श्री दांगी द्वारा अभी तक मतदाताओं को फार्म तक वितरित नहीं किए गए हैं। इसके साथ ही बार-बार मोबाइल पर संपर्क करने पर उनके द्वारा कभी तो फोन उठाया नहीं जा रहा है और कभी संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा रहा है। इसके साथ ही खिलचीपुर के मतदान केंद्र क्रमांक-46 खाजली के भ्रमण के दौरान तहसीलदार एवं सहायक निवार्चक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को बीएलओ दांगी मौके से अनुपस्थित भी मिले।

### कलेक्टर के निर्देशों पर एसडीएम ने की कार्यवाही

सौंपे गए पदीय दायित्वों के निवर्हन में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी के निर्देशों पर खिलचीपुर एसडीएम अंकिता जैन ने बीएलओ रामकैलाश दांगी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय राजगढ़ एसडीएम कार्यालय नियत किया गया है। उल्लेखनीय है निलंबित बीएलओ श्री दांगी प्राथमिक विद्यालय खाजली में बतौर शिक्षक पदस्थ हैं।

## स्वर्णकार समाज महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन



**सारंगपुर।** स्वर्णकार समाज महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। नव नियुक्त अध्यक्ष आशा महेंद्र सोनी ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मोना संतोषी सोनी ने नई अध्यक्ष को पदभार सौंपते हुए समाज के विकास के लिए निरंतर कार्य करने की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान समाज की सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में नई कार्यकारिणी के सदस्यों को विभिन्न पदों का दायित्व सौंपा गया। सभी ने एकता और सहयोग के साथ समाज की उन्नति एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक में आगामी कार्यों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मंगला सोनी, सरोज सोनी, पद्मा सोनी, शेफाली सोनी, राधिका उपस्थित रहीं।

अब पाटनकलां और सालपुरा के निरीक्षण में मिली लापरवाही

# जिस केंद्र पर पहुंच रहीं सीएमएचओ पटेल वहीं लटके मिल रहे हैं ताले



**राजगढ़।** ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा सतत रूप से उप-स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। पिछले दिनों फूलखेड़ी और बड़बेली के निरीक्षण में मिली लापरवाही के बाद अब राजगढ़ ब्लॉक के उप-स्वास्थ्य केंद्र पाटनकलां में निर्धारित समय पर ताला लगा हुआ मिला वहीं सालपुरा में एएनएम अनुपस्थित पाई गई।

सीएमएचओ डॉ. पटेल जब कल मंगलवार को पाटनकलां उप-स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तो 10.45 बजे केंद्र पर ताला लगा हुआ पाया गया और सीएचओ डॉ. सोफिया खान अनुपस्थित मिलीं। इसी तरह ग्राम सालपुरा टीकाकरण में एएनएम भूली पुष्पद के 11 बजे तक अनुपस्थित रहने पर उक्त दोनों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। सीएमएचओ डॉ. पटेल ने समस्त मैदानी कर्मचारियों को समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर पहुंचने और अपना काम समय पर करने हेतु निर्देशित किया है। वहीं समस्त ब्लॉक अधिकारियों को निरंतर फील्ड भ्रमण कर अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की बात कही। सीएमओ द्वारा किए गए इस निरीक्षण के दौरान डीसीएम सुनील वर्मा भी उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में बढ़ते बिजली संकट पर कांग्रेस का आंदोलन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहगढ़।** क्षेत्र में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था और बार-बार होने वाली कटौती से त्रस्त किसानों, छात्रों व आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बिजली समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

इससे सिंचाई कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रबी की फसल बोवनी पूर्ण होने के बाद किसान अपने खेतों में सिंचाई हेतु बिजली की मांग कर रहे हैं, लेकिन निर्धारित समय पर बिजली उपलब्ध न होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बताया कि छात्र भी बिजली कटौती के चलते परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पा रहे, वहीं व्यापार और दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के चलते बिजली संकट गंभीर रूप ले चुका है और नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोग इस समस्या से अत्यधिक परेशान हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र ही बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी व्यापक जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और शासन की होगी।ज्ञापन सौंपने वालों मे गोविन्द सिंह गुर्जर, मदरूप सिंह सोनगिरा, लखन रुहाला सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राजगढ़ नपा ने 2016 के बाद लगे 114 कर्मचारियों को पद से हटाया

नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के निर्देश



**राजगढ़।** शासन के निर्देशों पर राजगढ़ नगर पालिका ने बड़ा निर्णय लेते हुए 1 सितंबर 2016 के बाद से नियुक्त अपने सभी 114 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। नगर पालिका ने हटाए गए उक्त 114 कर्मचारियों की लिस्ट भी जारी की हैं। उक्त आदेश जारी होने के बाद हटाए गए कर्मचारियों में खलबली मची देखी गई।

उल्लेखनीय है ये सभी कर्मचारी विभिन्न परिषदों के दौरान दैनिक वेतन भोगी पद पर रखे गए थे। इन 114 में शामिल अनेकों कर्मचारी नगर पालिका की विभिन्न शाखाओं में महत्त्वपूर्ण दायित्व भी निभा रहे हैं। इसके साथ ही अन्य कार्यों में सलग्न हैं। नगरीय आवास एवं प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में यह बड़ा कदम उठाया गया है। इतनी अत्यधिक संख्या में सालों से काम करने के बाद बाहर निकाले गए कर्मचारियों में आक्रोश भी नजर आ रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने अपने दफ्फर में उक्त सभी 114 कर्मियों की लिस्ट चस्पा की है।

लंबे समय से चल रहे थे अस्वस्थ, बिहारी जी मंदिर के सामने दी गई भावपूर्ण अंतिम विदाई

# नहीं रहे वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद् जमनालाल मरोठिया

सेन महाराज मंदिर परिसर के लिए की भूमि दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मंगलवार का दिन ब्यावरा नगर के लिए भावनाओं से भरा और आंखें नम करने वाला रहा। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, शिक्षाविद् और श्री बिहारी महाराज के भक्त जमनालाल मारोठिया अब हमारे बीच नहीं रहे। 90 वर्ष की आयु में उन्होंने इस सांसारिक यात्रा को विराम दिया, लेकिन उनके द्वारा किए गए सेवा और भक्ति के कार्य नगरवासियों के हृदयों में अमर रहेंगे। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे, किंतु अंतिम दिनों तक वे प्रभु भक्ति और सेवा में लीन रहे। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर में गहरा शोक छा गया। हर आंख नम थी, हर दिल यह कह रहा था "ऐसे लोग बार-बार नहीं मिलते।"

मारोठिया जी का जीवन समाजसेवा, सादगी और धर्मनिष्ठा का प्रतीक रहा।



उन्होंने श्री बिहारी जी मंदिर को न केवल अपनी भक्ति से सींचा, बल्कि अपने कर्मों से उसे जीवंत रखा। हर धार्मिक आयोजन में उनकी उपस्थिति प्रेरणास्रोत होती थी। वे अजनार नदी शुद्धिकरण अभियान से जुड़े रहे और सेन जी महाराज मंदिर परिसर के लिए समाज को भूमि दान कर अपनी निःस्वार्थ भावना का परिचय दिया।

### शवयात्रा में सभी की आंखें नम

मंगलवार दोपहर उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से निकली। जब शवयात्रा श्री बिहारी जी मंदिर पहुंची तो पूरा वातावरण भक्ति और आंसुओं से भर गया। यह भावनात्मक दृश्य था। मंदिर समिति ने आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से बिहारी जी के भक्त का स्वागत किया। मानो स्वयं बिहारी जी अपने परम भक्त को अंतिम आशीर्वाद दे रहे हों। मंदिर प्रांगण में मौजूद भक्तों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम प्रणाम किया। बिहारी जी को अंतिम प्रणाम के बाद शवयात्रा राजगढ़ रोड स्थित मुक्तिधाम पहुंची, जहां धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगर के सैकड़ों लोग, सामाजिक संगठन और धार्मिक संस्थाओं के सदस्य इस अंतिम यात्रा में शामिल हुए। श्री मारोठिया ने अपने जीवन के हर क्षण को समाज, शिक्षा और धर्म की सेवा में अर्पित किया। वे एक सच्चे कर्मयोगी, एक विनम्र शिक्षक और एक अद्भुत भक्त थे।

स्टैंड, होटल, सराय, सार्वजनिक स्थलों पर चैकिंग

# दिल्ली में हुए बम धमाके को लेकर अलर्ट मोड पर आई जिले में पुलिस



**राजगढ़।** देश की राजधानी नई-दिल्ली के लाल किले के समीप सोमवार शाम हुए दिल-दहलाने वाले बम विस्फोट ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है।

इस आतंकी हमले के बाद मध्यप्रदेश पुलिस भी एलर्ट मोड पर है। उक्त आतंकी घटना को गंभीरता से लेते हुए राजगढ़ पुलिस द्वारा भी मंगलवार से विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया गया।

इस दौरान न केवल राजगढ़ कोतवाली बल्कि जिले के सभी थानों, चैकियों, राजमार्गों पर वाहनों को निरंतर चेक किया जा रहा है। इसके साथ ही बस स्टैंड, होटल, सराय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस लगातार चेकिंग रही है। संदिग्ध गतिविधियों वाले व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही होटलों में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की आईडेंटिटी, संधारित रजिस्टर इत्यादि को भी पुलिस द्वारा चेक किया जा रहा है। कोतवाली पुलिस की टीम ने मंगलवार को राजमार्ग से गुजरे व अन्य स्थानों पर कई वाहनों की मेंटल डिटेक्टर से विशेष चेकिंग की।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने दिखाई एकता की मिसाल

# पीपलया रसोड़ा से पचोर तक निकली गई एकता पदयात्रा



**ब्यावरा।** पीपलया रसोड़ा गांव में मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य एकता पदयात्रा रन फॉर यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सरदार पटेल के जीवन, देश की एकता और अखंडता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, केबिनेट मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिला महामंत्री अमित शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी, बोड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष सरजन राजपूत, मंडावर मंडल अध्यक्ष बृजमोहन गुर्जर, पचोर मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, जिला संयोजक मोहन गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पुष्पवर्षा से स्वागत

पदयात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत-सत्कार किया गया। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों, शिक्षकों, शासकीय कर्मचारियों और आमजन ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर एकता का संदेश दिया। पूरे मार्ग में राष्ट्रगीत और देशभक्ति गीतों की गूंज से माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और सौहार्द के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के इन कर्मियों में अधिकारी से लेकर कर्मचारी सभी शामिल

# सॉफ्टवेयर में बदलाव से अटकी एनएचएम के 509 कर्मियों की सैलरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग के तहत आने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) के अधिकारियों, कर्मचारियों को पूर्व में हर माह की एक से पांच तारीख के बीच वेतन, मानदेय का भुगतान हो जाया करता था। लेकिन, इस माह(अक्टूबर पेड नवंबर) में एनएचएम के तहत जिले के विभिन्न अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ 509 कर्मचारियों की तनख्वाह अभी तक नहीं मिल पाई है। वेतन मिलने की बाट जोह रहे एनएचएम के इन 509 कर्मियों में अधिकारी से लेकर फील्ड में कार्यरत कर्मचारी शामिल हैं।

दरअसल, इस माह समय पर वेतन न मिलने की वजह वेतन साफ्टवेयर में किया गया बदलाव है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विभाग व अन्य कर्मचारियों को तो उनकी सैलरी मिल चुकी है लेकिन सिर्फ एनएचएम के अधिकारी, कर्मचारी ही आज 12 तारीख होने के बावजूद पगार का इंतेजार कर रहे हैं। ऐसा भी नहीं है इस मामले में मिशन के एआउन्ट शाखा के कर्मचारियों की लापरवाही हो। बल्कि वेतन साफ्टवेयर में हुए बदलाव के चलते तनख्वाह का मामला अधर में लटका हुआ है। वैसे एनएचएम के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि बहुत जल्द सभी कर्मचारियों की तनख्वाह/मानदेय आदि उनके खातों में पहुंच जाएगा।

**साफ्टवेयर में बदलाव के चलते आई समस्या-** एनएचएम के अधिकारियों, कर्मचारियों की सैलरी का भुगतान पूर्व में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ई-वित्त साफ्टवेयर से डायरेक्ट हो जाया करता था। लेकिन, अब यह भुगतान एसएनए(सिंगल नोडल एजेंसी) स्पर्श के जरिए होगा। विभाग की अकाउन्ट शाखा से बिल इत्यादि लगाने की समस्त प्रक्रियाएं अलबत्ता पूर्ण कर ली गई हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी 4 से 5 दिनों में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को उनके वेतन, मानदेय का भुगतान हो जाएगा।

### जिनकी कम तनख्वाह है उन्हें आ रही परेशानी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में कार्यरत कुछ अधिकारियों, कर्मचारियों की तनख्वाह जहां काफी अधिक है वहीं कुछ कर्मचारी ऐसे भी हैं जिन्हें बहुत कम मानदेय मिलता है। ऐसे कम मानदेय वाले कर्मचारी इस माह अभी तक तनख्वाह खाते में न आ पाने के चलते आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नेशनल हेल्थ मिशन से विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों से लेकर मैदानी अमले से जुड़े कर्मचारी भी शामिल हैं।

### जल्द खातों में पहुंच जाएगी

हमारी तरफ से बिल इत्यादि सभी भिजवा दिए गए हैं। चूंकि, साफ्टवेयर चेंज हुआ है इसलिए इस महीने समस्या आई है। उम्मीद है कि जल्द ही सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की सैलरी उनके खातों में पहुंच जाएगी।

**प्रवेश द्विवेदी, अकाउंटेंट**
एनएचएम, राजगढ़